लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

कार्तिक कृष्ण पक्ष, तृतीया 8.17 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2079

वर्ष 3, अंक 361, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, शुक्रवार, 11 नवंबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO : 07 MIDDLE

वक्त की जरूरत है रेडियोडायग्नोसिस

अमृत विचार, बरेली

अंतरराष्ट्रीय रेडियोलाजी दिवस पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित सीएमई में विभिन्न बीमारियों के इंवेस्टिगेशन में रेडियोलॉजी की बढ़ती भूमिका पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए रेडियोडायग्नोसिस को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि बीमारियों का पता लगाने के लिए इसकी जांच के तरीके लगातार बदल रहे हैं। आधुनिक टेक्नालॉजी की मशीनों से रिजल्ट बेहतर और जल्दी मिलते हैं। इससे मरीज को स्वस्थ करना आसान हो जाता है। एसआरएमएस में अत्याधुनिक मशीनें जांच के लिए उपलब्ध हैं। इससे पहले आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन और विभागाध्यक्ष डा. समीर वर्मा ने सभी का स्वागत किया। कालेज के प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने रेडियोडायग्नोसिस और रेडियोथेरेपी में अंतर स्पष्ट किया लोगो को जानकारी दी। रेडियोलाजिस्ट डा. नम्रता ने आभार जताया। सीएमई के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. नीरज प्रजापति, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

अंतरराष्ट्रीय रेडियोलाजी दिवस पर बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

- **एसआरएमएस मेडिकल कालेज में अंतरराष्ट्रीय रेडियोलाजी दिवस पर सीएमई आयोजित की गई**